भीलवाड़ा फोकस

RNI No. : RJHIN/25/A0890

भीलवाड़ा की बात, फोकस के साथ.....

वर्ष - 02 | अंक - 73 | बिजौलिया - बुधवार,28 अक्टूबर,2026 | मूल्य - 1 रुपया | मो.- 86967 95959 | पृष्ठ - 4 | WWW.BHILWARAFOCUS.COM

प्रहलाद गुंजल पर ओएसडी राजीव दत्ता को धमकी देने का मामला दर्ज

भीलवाड़ा फोकस @ कोटा

कांग्रेस नेता और पूर्व विधायक प्रहलाद गुंजल के खिलाफ लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला के ओएसडी राजीव दत्ता को कथित धमकी देने के मामले में रानपुर थाने में मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस कॉन्स्टेबल पुष्पेंद्र चौधरी ने 21 अक्टूबर को कोलाना गांव में हुई घटना के वीडियो के आधार पर शिकायत दर्ज करवाई है। बताया जा रहा है कि करीब 1 मिनट 17 सेकंड के वीडियो में गुंजल राजीव दत्ता को लेकर विवादित टिप्पणी करते और धमकी देते सुनाई दे रहे हैं। वीडियो में वह कहते हैं कि राज बदलने दो, इसके बाद दत्ता की हालत ऐसी कर दूंगा कि वह घर में बैठकर आत्महत्या करने या किसी को गोली मारने के बारे में सोचेंगे। वीडियो में गुंजल ने कुछ पुलिस अधिकारियों और गांव के लोगों के साथ हुए कथित व्यवहार का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा कि गांव के लोगों के साथ हुए अन्याय के विरोध में वह खुद पहुंचे थे और विरोध प्रदर्शन करने के लिए कहा था।

राजस्थान में पंचायत चुनाव का दूसरा चरण आज, 22 जिलों में मतदान

भीलवाड़ा फोकस @ जयपुर।

राजस्थान में पंचायतीराज आम चुनाव 2026 के दूसरे चरण के तहत बुधवार, 28 अक्टूबर को प्रदेश के 22 जिलों में जिला परिषद और पंचायत समिति सदस्य पदों के लिए मतदान होगा। मतदान सुबह 7 बजे से शाम 6 बजे तक कराया जाएगा। चुनाव को लेकर निर्वाचन आयोग और प्रशासन ने तैयारियां पूरी कर ली हैं। इस चरण में कुल 2,549 वार्डों के लिए 9,404 प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में स्थानीय विकास से जुड़े मुद्दों के बीच मतदाताओं की भूमिका महत्वपूर्ण रहेगी।

जिला परिषद और पंचायत समितियों में मुकाबला

दूसरे चरण में जिला परिषद के 352 वार्डों के लिए 2,197 प्रत्याशी चुनाव लड़ रहे हैं। वहीं, पंचायत समितियों के 2,197 वार्डों में 7,318 उम्मीदवार अपनी किस्मत आजमा रहे हैं। इस तरह जिला परिषद और पंचायत समिति सदस्य पदों को मिलाकर कुल 9,404 प्रत्याशी मैदान में हैं। मतदान के बाद इन सभी प्रत्याशियों का राजनीतिक भविष्य मतदाताओं के फैसले पर निर्भर करेगा।

इन 22 जिलों में होगा मतदान

दूसरे चरण में अजमेर, अलवर, बांसवाड़ा, बाड़मेर, भीलवाड़ा, बीकानेर, दौसा, डूंगरपुर, जयपुर, जालौर, झालावाड़, झुंझुनूं, जोधपुर, करौली, कोटा, कोटपूतली-बहरोड़, नागौर, पाली, राजसमंद, सीकर, सिरोही और उदयपुर में मतदान कराया जाएगा।

इस चरण में कुल 1,06,56,127 मतदाता अपने मताधिकार का इस्तेमाल कर सकेंगे। इनमें



55,19,336 पुरुष, 51,36,744 महिला और 47 तृतीय लिंग के मतदाता शामिल हैं। निर्वाचन आयोग ने मतदाताओं से लोकतंत्र के इस पर्व में भाग लेकर अपने मताधिकार का प्रयोग करने की अपील की है।

ग्रामीण विकास के मुद्दों पर टिकी नजरें

पंचायत चुनाव में ग्रामीण क्षेत्रों की मूलभूत सुविधाएं प्रमुख मुद्दे बनी हुई हैं। पेयजल, सड़क, बिजली, स्वास्थ्य सेवाओं की उपलब्धता और सरकारी योजनाओं का लाभ जैसे विषय मतदाताओं के लिए महत्वपूर्ण हैं। इन चुनावों के माध्यम से ग्रामीण मतदाता स्थानीय जनप्रतिनिधियों का चयन करेंगे, जिनकी भूमिका गांवों के विकास और जनसमस्याओं के समाधान में अहम होती है। चुनावी मुकाबले में भाजपा और कांग्रेस के साथ राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी तथा भारत आदिवासी पार्टी भी अपनी राजनीतिक स्थिति मजबूत करने के प्रयास में हैं। अलग-अलग जिलों में स्थानीय समीकरण और प्रत्याशियों की स्थिति चुनाव परिणामों को प्रभावित कर सकती है। राज्य निर्वाचन आयुक्त राजेश्वर सिंह ने चुनाव प्रक्रिया को स्वतंत्र, निष्पक्ष, पारदर्शी और शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि निर्वाचन आयोग की ओर से आवश्यक तैयारियां पूरी कर ली गई हैं।

जयपुर में 3.45 लाख रुपए के नकली नोट पकड़े

भीलवाड़ा फोकस @ जयपुर।

दीपावली के त्योहार पर बाजार में नकली नोट चलाने की कोशिश का मामला सामने आया है। जयपुर में पुलिस आयुक्तालय की विशेष टीम ने रविवार को भट्ठा बस्ती क्षेत्र से एक युवक को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 3.45 लाख रुपए के नकली नोट बरामद किए। आरोपी के पास से 500-500 रुपए के कुल 690 नोट मिले हैं। पुलिस के अनुसार, आरोपी ये नोट दिल्ली से लाया था और त्योहारी सीजन में बाजारों में चलाने की फिराक में था। विशेष आयुक्त (अभियान) ओमप्रकाश ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी शाहबाज खान (33) नाहरी का नाका स्थित हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी का निवासी है। पूछताछ में सामने आया कि वह नकली नोटों की खेप पुरानी दिल्ली के जामा मस्जिद क्षेत्र से लाया था। आरोपी ने बताया कि एक लाख रुपए के असली नोटों के बदले तीन लाख रुपए के नकली नोट देने की बात थी।

प्रॉपर्टी और गहनों के लालच में 72 वर्षीय कमला देवी की हत्या, छत पर जलाया शव; शव के अवशेष नदी में फेंके

मुख्य आरोपी हिस्ट्रीशीटर रवि तापड़िया और हीरा सिंधी गिरफ्तार; दोनों 7 दिन के पुलिस रिमांड पर, नदी से बरामद हुए अवशेष


अवशेष ढूंढते गोताखोर


पुलिस कस्टडी में हंसता हुआ आरोपी


हीरा सिंधी

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।

पुनित चपलोत

शहर के भीमगंज थाना क्षेत्र में 72 वर्षीय कमला देवी कांकरिया की गुमशुदगी का मामला खुला तो रोंगटे खड़े कर देने वाली वारदात सामने आई। पुलिस के अनुसार, प्रॉपर्टी और गहनों के लालच में बुजुर्ग महिला की निर्मम हत्या कर दी गई। पहचान और साक्ष्य मिटाने के लिए शव को आधी रात घर की छत पर लकड़ियों और टायरों के बीच जलाया गया। इसके बाद जली हुई चिता से हड्डियां और अन्य अवशेष एकत्र कर प्लास्टिक के कट्टों में भरे और नदी में फेंक दिए गए। भीमगंज थाना पुलिस ने मामले में आरके कॉलोनी निवासी मुख्य आरोपी रवि तापड़िया और उसके साथी हीरा सिंधी को गिरफ्तार किया है। मंगलवार को न्यायालय में पेश करने पर दोनों को सात दिन के पुलिस रिमांड पर सौंपा गया। पुलिस ने नदी से महिला की हड्डियों के कुछ अवशेष भी बरामद किए हैं।

दो दिन घर पर लटका रहा ताला, बहू ने दर्ज कराई थी गुमशुदगी

वीर सावरकर चौक क्षेत्र की गफूर की टाल वाली गली में रहने वाली कमला देवी पत्नी स्वर्गीय तेजसिंह कांकरिया घर में अकेली रहती थीं। उनका बेटा पहले ही दुनिया छोड़ चुका था, जबकि बहू रविना पटेलनगर स्थित अपने पीहर में रहती थीं। कमला देवी के घर रोजाना खाना बनाने आने वाली महिला 12 और 13 अक्टूबर को पहुंची तो मकान पर ताला लगा मिला। लगातार दो दिन तक घर बंद रहने पर उसने बहू को सूचना दी। बहू मौके पर पहुंची, लेकिन कमला देवी का कोई सुराग नहीं मिला। इसके बाद भीमगंज थाने में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई गई।


मृतका

200 से 250 सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली

मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने विशेष टीमें गठित कर जांच शुरू की। आसपास के 200 से 250 से अधिक सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली गई और तकनीकी साक्ष्य जुटाए गए। जांच के दौरान आरके कॉलोनी निवासी रवि तापड़िया का नाम सामने आया। पुलिस के अनुसार, रवि का कमला देवी के घर आना-जाना था और वह महिला के लिए उधार दिए गए पैसों की वसूली भी करता था। पूछताछ में वह पुलिस को गुमराह करने का प्रयास करता रहा, लेकिन तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर पूछताछ करने पर उसकी कथित भूमिका सामने आई।

मकान और दुकान अपने नाम करवाना चाहता था आरोपी

भीमगंज थाना प्रभारी सुनील चौधरी के अनुसार, कमला देवी के नाम एक मकान और हरीसेवा धर्मशाला क्षेत्र में एक दुकान बताई गई है। पुलिस का आरोप है कि रवि तापड़िया इन संपत्तियों को अपने नाम करवाना चाहता था, लेकिन कमला देवी इसके लिए तैयार नहीं थीं। इसी विवाद को हत्या की वजह माना जा रहा है। पुलिस के मुताबिक, आरोपियों ने कथित तौर पर महिला का मुंह और गला दबाकर हत्या की। वारदात में अन्य लोगों की भूमिका और हत्या की साजिश से जुड़े पहलुओं की भी जांच की जा रही है।

आधी रात छत पर जलाया शव, सुबह नदी में फेंके अवशेष

पुलिस जांच के अनुसार, कमला देवी की 12 अक्टूबर की रात हत्या कर दी गई थी। इसके बाद अगले दिन लकड़ियों और टायरों का इंतजाम किया गया। आरोप है कि आधी रात को घर की छत पर शव जलाया गया, ताकि पहचान और साक्ष्य मिटाए जा सकें। अगली सुबह जली हुई चिता से हड्डियां और अन्य अवशेष एकत्र किए गए। इन्हें बाल्टी और प्लास्टिक के कट्टों में भरकर पालड़ी पुलिया के पास नदी में फेंक दिया गया। पुलिस ने नदी से हड्डियों के कुछ अवशेष बरामद किए हैं। बरामद अवशेषों की जांच सहित मामले से जुड़े अन्य साक्ष्य जुटाए जा रहे हैं।

गहने भी ले जाने का आरोप,हत्या के बाद दोस्तों के साथ करी पार्टी

पुलिस के अनुसार, वारदात के समय कमला देवी ने सोने-चांदी के गहने पहन रखे थे। आरोप है कि हत्या के बाद गहने भी अपने पास रख लिए गए। पुलिस 14 अक्टूबर को बड़ी पुलिया क्षेत्र में रवि की दोस्तों के साथ हुई पार्टी के संबंध में भी जानकारी जुटा रही है। मुख्य आरोपी रवि तापड़िया के हिस्ट्रीशीटर होने और उसके खिलाफ पूर्व में विभिन्न थानों में दर्ज मामलों की जानकारी भी सामने आई है।

दो गिरफ्तार, अन्य सहयोगियों की भूमिका की जांच

भीमगंज थाना पुलिस ने रवि तापड़िया और हीरा सिंधी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां से दोनों को सात दिन के पुलिस रिमांड पर भेज दिया गया। रिमांड अवधि में पुलिस हत्या में शामिल अन्य संभावित आरोपियों, संपत्ति विवाद, गहनों और शव को ठिकाने लगाने की पूरी कड़ी की जांच करेगी। पुलिस यह भी पता लगा रही है कि वारदात की साजिश में और कौन-कौन शामिल था तथा साक्ष्य मिटाने में किसकी क्या भूमिका रही।

बुजुर्ग महिला की बेबसी का फायदा उठाकर उड़ाए गले के सोने के गहने, ग्रामीणों ने संदिग्ध को पकड़ा

भीलवाड़ा फोकस @ सवाईपुर

(सांवर वैष्णव):- सवाईपुर क्षेत्र के बड़ला गांव में सोमवार शाम को मानवता को शर्मसार करने वाली और सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े करने वाली एक वारदात सामने आई है । यहां अपने ही घर के बाहर आराम से बैठी एक 80 वर्षीय बुजुर्ग महिला को निशाना बनाकर शातिर चोर ने उसके गले से सोने के आभूषण पार कर दिए । हालांकि, ग्रामीणों की त्वरित सूझबूझ और मुस्तैदी के कारण एक संदिग्ध को दबोच लिया गया, जिसे बाद में पुलिस के हवाले कर दिया गया । सवाईपुर चौकी दिवान शिवराज चौधरी ने बताया कि बड़ला गांव निवासी कपिल शर्मा पिता जगदीश शर्मा ने बड़लियास थाने में रिपोर्ट दर्ज करवाई है । रिपोर्ट में बताया गया कि सोमवार शाम को उनकी 80 वर्षीय दादी मां, लादी देवी शर्मा हमेशा की तरह अपने घर के बाहर बैठी थीं । इसी दौरान सूना पाकर एक अज्ञात युवक वहां पहुंचा । बुजुर्ग महिला की ढलती उम्र और



बेबसी का फायदा उठाते हुए युवक ने उनके गले पर झपट्टा मारा और उनके गले में पहनी हुई सोने की रामनामी, मादलिया और चार कीमती सोने के मोती झपटकर ले भागा । अचानक हुई इस वारदात से बुजुर्ग लादी देवी घबरा गई । सूचना मिलते ही चौकी दीवान शिवराज चौधरी पुलिस बल के साथ बड़ला गांव पहुंचे । ग्रामीणों ने पकड़े गए संदिग्ध युवक को पुलिस के सुपुर्द कर दिया । दीवान शिवराज चौधरी ने बताया कि पीड़ित परिवार की रिपोर्ट के आधार पर मामला दर्ज कर लिया गया है । पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी युवक को गिरफ्तार कर लिया है और उससे चुराए गए सोने के जेवरातों की बरामदगी के संबंध में गहन पूछताछ की जा रही है ।।

राधे कृष्णा हर्बल

मोरिंगा पाउडर एवं कैप्सूल

30, माणक नगरी बून्दी रोड़ बिजोलिया MO.8426904895

सहकार भारती मिठाई प्रकल्प की भट्टी का मुहूर्त संपन्न, सहकारिता के भावों पर मिलेगी शुद्ध मिठाई




भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।

भीलवाड़ा। सहकार भारती मिठाई प्रकल्प द्वारा आज विधिवत पूजा-अर्चना के साथ भट्ठी का मुहूर्त किया गया। जिला संगठन प्रमुख रामनरेश विजयवर्गीय ने जानकारी देते हुए बताया कि इस अवसर पर संगठन के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने उपस्थित होकर प्रकल्प की सफलता और निरंतर प्रगति की कामना की। जिलाध्यक्ष सुभाष चेचानी ने अपने उद्बोधन में बताया कि सहकार भारती द्वारा मिठाइयों के निर्माण का कार्य वर्ष 1998 से निरंतर किया जा रहा है। प्रकल्प के माध्यम से शहरवासियों को बेहद सहकारिता के भावों पर शुद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण देसी घी की मिठाइयां उपलब्ध करवाई जाती हैं। उन्होंने कहा कि इस मिठाई प्रकल्प का भीलवाड़ा शहरवासियों को हर वर्ष उत्साह और हर्ष के साथ प्रतीक्षा रहती है। पूरे शहर में संस्था के 84 वितरण केंद्र के माध्यम से उचित मूल्य पर मिठाइयों का वितरण किया जाएगा। लोगों के विश्वास और स्नेह के चलते यह प्रकल्प अपनी विशेष पहचान बनाए हुए है। उन्होंने बताया कि इस वर्ष मिठाइयों का निर्माण कार्य अग्रसेन भवन, अरिहंत हॉस्पिटल के पास, शास्त्री नगर, भीलवाड़ा में किया जा रहा है। यहां उचित दरों पर विभिन्न प्रकार की मिठाइयां एवं नमकीन तैयार कर शहरवासियों को उपलब्ध करवाए जाएंगे। जिला महामंत्री दुर्गालाल सोनी ने बताया की सहकार भारती मिठाई प्रकल्प के अंतर्गत केसर काजू कतली, प्लेन काजू कतली, व्हाइट कंपाउंड, चाकलेट कंपाउंड, बेसन चक्की, गोंद पाक, प्लेन नमकीन तथा खट्टा-मीठा मिक्सचर सहित विभिन्न प्रकार की मिठाइयां एवं नमकीन उपलब्ध रहेंगे। प्रकल्प का उद्देश्य आमजन को उचित कीमतों पर शुद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण खाद्य सामग्री उपलब्ध करवाना है। समिति के अंकित सोमानी ने बताया कि कार्यक्रम में मिठाई प्रकल्प प्रमुख छित्तर लड्ढा, जिला कोषाध्यक्ष सीए नवनीत तोतला, नगर अध्यक्ष संजय पांडे, नगर महामंत्री जगदीश लड्ढा, कन्हैयालाल अग्रवाल, सीए मनोज सोनी, मुकेश विश्नोई, सुरेंद्र पटवारी, दिनेश मंत्री, विभाग महिला संयोजक विजया सुराणा एवं किरण सहित अनेक सदस्य उपस्थित रहे।

आमिर अंसारी ने जीता गोल्ड मेडलः

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा



शहर के सुखाड़िया स्टेडियम में डैविड फिट एक्सपो प्रतियोगिता का आयोजन हुआ, जिसमें भीलवाड़ा के बेहतरीन बॉडी बिल्डरों ने अपना दमखम दिखाया। इस कड़े मुकाबले में आमिर अंसारी (लक्की)ने अपनी शानदार बॉडी और बेहतरीन प्रदर्शन की बदौलत पहला स्थान हासिल कर गोल्ड मेडल?? अपने नाम किया। खास बात यह है कि आमिर अंसारी (लक्की) की उम्र अभी 18 प्लस है। उन्होंने बहुत ही कम समय में कठिन परिश्रम और अपने कोच अकरम रंगरेज के कुशल दिशा-निर्देशन व ट्रेनिंग में यह बड़ी कामयाबी हासिल कर अपने परिवार ओर भीलवाड़ा का नाम रोशन किया है।

नुक्कड़ नाटक से दिया समावेशी शिक्षा का संदेश, विशेष बच्चों के अधिकारों के प्रति किया जागरूक



भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।

विशेष बच्चों को समाज की मुख्यधारा से जोड़ने, उनके अधिकारों के प्रति जागरूकता बढ़ाने और भेदभाव रहित समाज का संदेश देने के उद्देश्य से ग्रीनवैली कॉलेज ऑफ एजुकेशन, पांसल रोड भीलवाड़ा के द्वितीय वर्ष के प्रशिक्षणार्थियों ने समावेशी शिक्षा के अंतर्गत नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया। महात्मा गांधी राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, लेबर कॉलोनी में आयोजित इस कार्यक्रम में प्रशिक्षणार्थियों ने प्रभावशाली प्रस्तुतियों के माध्यम से विशेष बच्चों की समस्याओं, शिक्षा, चिकित्सा, सामाजिक सुरक्षा और कानूनी अधिकारों की जानकारी दी।कार्यक्रम विद्यालय के प्रधानाचार्य अशोक जेथलिया की अनुमति से आयोजित हुआ। इसका मार्गदर्शन महाविद्यालय निदेशक जी.वी. भाटिया ने किया, जबकि निर्देशन महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. माला पानेरी ने किया। नुक्कड़ नाटक में किरण मीणा ने सूत्रधार की भूमिका निभाते हुए विषय का प्रारंभिक परिचय दिया। गंगा माली ने मानसिक व्यथा से ग्रसित विशेष बालिका की भूमिका निभाई, जबकि निशा कंवर और गोविंद बारेठ ने उसके अभिभावकों की भूमिका प्रस्तुत की। पूजा चौहान ने स्कूल टीचर की भूमिका के माध्यम से दिव्यांग एवं वंचित बच्चों की शिक्षा और अधिकारों के लिए कार्यरत विशेष शिक्षा-दीक्षा टीम से परिचय कराया।

भूटान के बुद्ध गोल्डन टेंपल में विधायक कोठारी ने किए दर्शन

क्षेत्रवासियों को दिया भारतीय संस्कृति और आध्यात्मिक परंपराओं का संदेश

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।

भीलवाड़ा विधायक अशोक कुमार कोठारी ने अपनी टीम के साथ भूटान स्थित बुद्ध गोल्डन टेंपल के दर्शन किए। प्राचीन नाम शिवालय ज्ञानेश्वर महादेव मंदिर से प्रसिद्ध इस आध्यात्मिक स्थल पर दर्शन कर विधायक कोठारी ने भारतीय संस्कृति, आध्यात्मिक परंपराओं और भूटान की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत के प्रति सम्मान का संदेश क्षेत्रवासियों तक पहुंचाया।



विधायक कोठारी ने इस अवसर पर कहा कि यह प्राकृतिक स्थल अनूठा, अद्भुत और आध्यात्मिक प्रेरणा से ओतप्रोत है। यहां पहुंचकर मन को शांति मिलती है और सकारात्मक ऊर्जा का अनुभव होता है। यह स्थान आध्यात्मिक ऊर्जा के संचय के साथ ही श्रद्धालुओं एवं दर्शनार्थियों को आनंद और आत्मिक संतुष्टि की अनुभूति कराता है।

उन्होंने कहा कि भारत और भूटान की सांस्कृतिक एवं आध्यात्मिक परंपराएं आपसी सद्भाव, आस्था और मानवीय मूल्यों का संदेश देती हैं। ऐसे धार्मिक एवं आध्यात्मिक स्थलों के दर्शन व्यक्ति को अपनी सांस्कृतिक विरासत से जुड़ने तथा जीवन में सकारात्मकता अपनाने की प्रेरणा देते हैं।

विधायक कोठारी के सानिध्य में हुए इस दर्शन कार्यक्रम में गौ वत्स श्री लाल जी महाराज, नगर विकास न्यास के पूर्व अध्यक्ष लक्ष्मी नारायण डाड, भाजपा के पूर्व प्रदेश कार्यसमिति सदस्य भगवान सिंह चौहान, सेवानिवृत्त आर्मी अधिकारी विश्वनाथ प्रताप सिंह, शिक्षाविद् विवेक निमावत, समाजसेवी देवी लाल गुर्जर तथा ज्ञान प्रकाश रांका सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

इस अवसर पर सभी ने आध्यात्मिक स्थल के दर्शन कर शांति, सद्भाव और सांस्कृतिक मूल्यों के प्रति अपनी आस्था व्यक्त की।

आज 7 पंचायत समितियों में लोकतंत्र का इम्तिहान, 28 अक्टूबर को मतदान

जिला परिषद के 17 और पंचायत समिति के 111 सदस्यों के लिए वोटिंग; 30 अक्टूबर को सरपंच-पंच चुनाव, मतदान दल केंद्रों पर पहुंचे

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।

पंचायतराज चुनाव के दूसरे चरण में बुधवार को जिले की सात पंचायत समितियों में जिला परिषद और पंचायत समिति सदस्यों के चुनाव के लिए मतदान होगा। इसके लिए निर्वाचन विभाग ने तैयारियां पूरी कर ली हैं। मंगलवार को पॉलिटेक्निक कॉलेज में मतदान दलों को अंतिम प्रशिक्षण देने के बाद चुनाव सामग्री सौंपकर निर्धारित केंद्रों के लिए रवाना किया गया।



जिला निर्वाचन अधिकारी एवं जिला कलेक्टर जसमीत सिंह संधू के निर्देशन में आयोजित प्रशिक्षण में मतदान प्रक्रिया, निर्वाचन नियमों और व्यवस्थाओं की जानकारी दी गई। मतदान अधिकारियों एवं कार्मिकों को निष्पक्ष और शांतिपूर्ण मतदान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। दूसरे चरण में जिला परिषद के 17 वार्डों में मतदान होगा। इनमें 11 पूर्ण और 6 आंशिक वार्ड शामिल हैं। इसके अलावा सात पंचायत समितियों की 185 ग्राम पंचायतों के अंतर्गत पंचायत समिति सदस्यों के 111 पदों के लिए वोट डाले जाएंगे। मतदान सुबह 7 बजे से शाम 6 बजे तक होगा।

निर्वाचन के लिए आसींद, हुरड़ा, फुलियाकलां, रायपुर, सहाड़ा, शाहपुरा और शंभूगढ़ पंचायत समितियों में मतदान दलों को रवाना किया गया है। इसी चरण की इन सात पंचायत समितियों की ग्राम पंचायतों में सरपंच और वार्ड पंच पदों के लिए 30 अक्टूबर को मतदान कराया जाएगा।

जिले के 40 स्कूलों में बच्चों को बताए विधिक अधिकार

'सुरक्षित स्थान, जहां सपनों को पंख मिलते हैं' थीम पर जागरूकता शिविर, आरटीआई और विद्यालयों की सुविधाओं की दी जानकारी

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।

बच्चों को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करने और विद्यालयों में सुरक्षित शैक्षणिक वातावरण के महत्व को समझाने के लिए मंगलवार को जिले के 40 सरकारी और निजी विद्यालयों में विधिक जागरूकता शिविर आयोजित किए गए। राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देश पर 'ट्रांसफॉर्मेटिव ट्यूजडे' अभियान के तहत आयोजित शिविरों में विद्यार्थियों को कानूनी प्रावधानों और विद्यालयों की बुनियादी सुविधाओं की जानकारी दी गई।



जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष अभय जैन के निर्देशन में आयोजित इन शिविरों में एलएडीसीएस, पैनल अधिवक्ताओं और पैरा लीगल वॉलंटियर्स (पीएलवी) ने विद्यार्थियों से संवाद किया। इस दौरान 'सुरक्षित स्थान, जहां सपनों को पंख मिलते हैं' विषय के माध्यम से बच्चों के लिए सुरक्षित वातावरण की आवश्यकता पर प्रकाश डाला गया।

शिविरों में सूचना का अधिकार अधिनियम (आरटीआई), विद्यालयों में उपलब्ध आधारभूत सुविधाओं और भवन सहित अन्य बुनियादी ढांचागत व्यवस्थाओं के बारे में भी जानकारी दी गई।

प्राधिकरण सचिव रश्मि आर्या ने बताया कि अभियान के तहत जिले में हर महीने अलग-अलग विषयों पर विधिक साक्षरता शिविर आयोजित किए जा रहे हैं, ताकि आमजन के साथ विद्यार्थियों को भी कानून और उनके अधिकारों के प्रति जागरूक किया जा सके।



QUICK BITES

गंगापुर के दो विद्यालयों में विधिक साक्षरता शिविर आयोजित

भीलवाड़ा फोकस @ गंगापुर



(दिनेश लक्षकार)। राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जयपुर के निर्देशानुसार ट्रांसफॉर्मेटिव ट्यूसडे कार्यक्रम के तहत तालुका विधिक सेवा समिति की ओर से महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय एवं इंदिरा गांधी माध्यमिक विद्यालय में विधिक साक्षरता शिविर आयोजित किए गए।

तालुका सचिव निखिलेश जीनगर ने बताया कि शिविर में विद्यार्थियों को शिक्षा का अधिकार अधिनियम, 2009 की जानकारी देते हुए सुरक्षित शैक्षणिक वातावरण और बच्चों के अधिकारों के प्रति जागरूक किया गया। उन्होंने बताया कि अधिनियम के तहत 6 से 14 वर्ष तक के बच्चों को निःशुल्क एवं अनिवार्य शिक्षा का अधिकार प्राप्त है। विद्यालयों में प्रशिक्षित शिक्षक, आवश्यक सुविधाएं, भेदभाव रहित शिक्षा और सुरक्षित वातावरण उपलब्ध कराना जरूरी है। साथ ही प्रवेश स्तर पर 25 प्रतिशत सीटें पात्र बच्चों के लिए आरक्षित रखने के प्रावधान की जानकारी दी गई।

कार्यक्रम में अधिवक्ता मृदुल तिवारी एवं अधिवक्ता अंशुल सुखवाल ने विद्यार्थियों को अपने अधिकारों के प्रति जागरूक रहने और किसी भी असुरक्षित स्थिति में आवाज उठाने के लिए प्रेरित किया। शिविर में पीएलवी नारायण लाल सरगरा, राजेंद्र टेलर, विद्यालयों के प्रधानाचार्य एवं शिक्षकगण उपस्थित रहे।

भीलवाड़ा के कई इलाकों में आज 5 घंटे बिजली बंद रहेगी

सुबह 8 से दोपहर 1 बजे तक विद्युत आपूर्ति रहेगी बाधित, शास्त्री नगर से बाजार और पथिक नगर क्षेत्र होंगे प्रभावित

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।

विद्युत लाइनों और ग्रिड से संबंधित कार्यों के चलते बुधवार को शहर के कई इलाकों में पांच घंटे बिजली आपूर्ति बंद रहेगी। विद्युत विभाग के सहायक अभियंता हरीश कुमार टेलर के अनुसार सुबह 8 बजे से दोपहर 1 बजे तक 33/11 केवी शास्त्री नगर एवं सिटी सेंटर ग्रिड से जुड़े क्षेत्रों के साथ 11 केवी पथिक नगर फीडर के उपभोक्ताओं को बिजली कटौती का सामना करना पड़ेगा।

इन क्षेत्रों में रहेगी कटौती

शास्त्री नगर, शास्त्री नगर विस्तार, पुराना एवं नया हाउसिंग बोर्ड, मोहम्मदी कॉलोनी, सोलंकी टॉकीज रोड, नीलकंठ कॉलोनी, दादी धाम, कांवाखेड़ा, कुमुद विहार-1, शिवाजी नगर, बापू कॉलोनी, अंबेडकर नगर, राजेंद्र मार्ग, रेलवे फाटक, मुरली विलास रोड, काशीपुरी, वकील कॉलोनी, साबुन मार्ग, सांवरिया बस्ती, सिंधु नगर, जूनावास, गुलमंडी, जामा मस्जिद, नागोरी गार्डन, सर्राफा बाजार, महावीर पार्क, स्टेशन रोड, सदर बाजार, गोल प्याऊ चौराहा, बाजार नंबर-2 और काबरा गली सहित संबंधित क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति बंद रहेगी।

पथिक नगर फीडर भी रहेगा प्रभावित

पथिक नगर, देवस्थली हॉस्पिटल, महेश हॉस्पिटल, देवरिया बालाजी, आरसी व्यास सेक्टर 9 व 10, कम्युनिटी हॉल, महेश भवन, बीएसएनएल कॉलोनी, रघुबापु खेत, मालू हॉस्पिटल, मोती नगर, मालियों का शिव मंदिर, टाटा टावर, तेलीपाड़ा, टैगोर स्कूल और अग्रसेन सर्किल सहित आसपास के क्षेत्रों में भी निर्धारित समय तक बिजली बंद रहेगी।



श्री निंबार्क पारमार्थिक सेवा ट्रस्ट के द्वितीय सामूहिक विवाह सम्मेलन के पोस्टर का विमोचन

महंत मोहन शरण शास्त्री के सानिध्य में हुआ कार्यक्रम, महापौर जसवंत कंवर व उपमहापौर राधेश्याम सोमानी रहे मौजूद

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा



जरूरतमंद परिवारों को संबल देने और सामाजिक समरसता को मजबूत करने के संकल्प के साथ श्री निंबार्क पारमार्थिक सेवा ट्रस्ट की ओर से आयोजित होने वाले द्वितीय सामूहिक विवाह सम्मेलन की तैयारियां शुरू हो गई हैं। इसी क्रम में मंगलवार को गांधी नगर स्थित निंबार्क आश्रम में सम्मेलन के पोस्टर का विमोचन किया गया। कार्यक्रम महंत मोहन शरण शास्त्री के पावन सानिध्य में संपन्न हुआ। इस दौरान नगर निगम महापौर जसवंत कंवर, उपमहापौर राधेश्याम सोमानी सहित ट्रस्ट के सदस्य एवं समाजसेवी मौजूद रहे। इस अवसर पर महंत मोहन शरण शास्त्री ने कहा कि सामूहिक विवाह सम्मेलन समाज सेवा, आपसी सहयोग और सामाजिक समरसता का पावन संकल्प है। ऐसे आयोजनों से जरूरतमंद परिवारों को आर्थिक संबल मिलता है और समाज में सेवा, सद्भाव एवं सहयोग की भावना मजबूत होती है। ट्रस्ट की ओर से इस पुनीत कार्य के माध्यम से जरूरतमंद परिवारों को सहायता प्रदान करने तथा सामाजिक सरोकारों को आगे बढ़ाने का निरंतर प्रयास किया जा रहा है। कार्यक्रम में समाजसेवक एवं ट्रस्ट से जुड़े महेश जाजू, विनय माहेश्वरी, दिनेश चन्द्र शर्मा, कमलेश पालीवाल, गोपाल नागर, कैलाश अरोड़ा, गोपी दादा, आशीष जोशी, ओम प्रकाश पारीक, पुरुषोत्तम पारीक, प्रभुलाल शर्मा एवं निलेश पराशर सहित कई प्रबुद्धजन उपस्थित रहे। इसी प्रकार महिला प्रकोष्ठ की प्रमुख नीलम शर्मा की अगुवाई में नीलम गुप्ता, मंजू मोदानी, सरिता अजमेरा, लीला राठी, सुनीता व्यास, भगवती शर्मा, रीता तिवारी, आरती कुमावत एवं पिंकी सारस्वत ने भी कार्यक्रम में सहभागिता निभाई।

श्री पंचमुखी दरबार सेवा समिति ने गौ पूजन के साथ किया कार्तिक मास का आगाज

महंत लक्ष्मण दास त्यागी की मौजूदगी में गौ माता को प्रेमपूर्वक खिलाई लापसी, देश में सुख-शांति और समृद्धि की कामना

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा



श्री पंचमुखी दरबार सेवा समिति ने गौ पूजन और सेवा के साथ पवित्र कार्तिक मास का शुभारंभ कर धर्म, आस्था और भारतीय संस्कारों का संदेश दिया। मंगलवार को समिति की ओर से गौ माता का विधि-विधान से पूजन कर उन्हें प्रेमपूर्वक लापसी खिलाई गई। इस दौरान देश में अमन-चैन, सुख-शांति और समृद्धि की मंगल कामना की गई। आयोजन के जरिए गौ सेवा के महत्व को रेखांकित करते हुए भारतीय संस्कृति और धार्मिक परंपराओं के संरक्षण का संकल्प व्यक्त किया गया। समिति अध्यक्ष महंत लक्ष्मण दास त्यागी ने बताया कि कार्तिक मास का शुभारंभ गौ माता की पूजा-अर्चना और सेवा से किया गया। भारतीय संस्कृति में गौ माता की सेवा और पूजन का विशेष महत्व है। ऐसे धार्मिक आयोजन आस्था, परंपराओं और संस्कारों को सुदृढ़ करने के साथ समाज में सेवा एवं समर्पण की भावना को भी प्रोत्साहित करते हैं। समिति महामंत्री परमेश्वर दास ने बताया कि कार्तिक मास के दौरान समिति की ओर से सेवा और समर्पण की भावना के साथ विभिन्न धार्मिक एवं सामाजिक गतिविधियां आयोजित की जाएंगी। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन समाज में आपसी एकता और धार्मिक सद्भाव को बढ़ावा देने के साथ भारतीय संस्कृति के संरक्षण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। समिति कोषाध्यक्ष सच्चिदानंद दास ने बताया कि कार्यक्रम में अजय रामदास, मुकुंद मोहन दास, बंगाली बाबा, प्रेमदास, रामसेवक दास ब्रह्मचारी सहित अन्य श्रद्धालु उपस्थित रहे। गौ पूजन एवं सेवा के इस आयोजन के माध्यम से श्रद्धालुओं ने धर्म, परंपरा और जीवमात्र के प्रति करुणा का संदेश दिया।

राज्य स्तरीय बैडमिंटन में अक्षराज ने जीते दो कांस्य पदक

सीकर में अंडर-11 एकल व युगल वर्ग के सेमीफाइनल तक पहुंचे, महिराज सिंह पंवार ने भी दिखाया दमदार खेल

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।



सीकर में आयोजित राज्य स्तरीय सब जूनियर बैडमिंटन प्रतियोगिता में भीलवाड़ा के उभरते खिलाड़ी अक्षराज श्रोत्रिय ने शानदार प्रदर्शन करते हुए दो कांस्य पदक जीते। अक्षराज ने बालक अंडर-11 एकल और युगल वर्ग में सेमीफाइनल तक का सफर तय किया। वहीं, जिले के खिलाड़ी महिराज सिंह पंवार ने भी अपने खेल कौशल से प्रभावित किया। जिला बैडमिंटन संघ के मानद सचिव अभिषेक शर्मा ने बताया कि बालक एकल अंडर-11 वर्ग के सेमीफाइनल में अक्षराज का मुकाबला प्रथम वरीयता प्राप्त लक्षित रेवाड़ से हुआ। लक्षित ने 15-6, 15-10 से जीत दर्ज कर फाइनल में प्रवेश किया। इसके बावजूद अक्षराज ने पूरे मुकाबले में कड़ा संघर्ष किया। बालक युगल अंडर-11 वर्ग के सेमीफाइनल में अक्षराज श्रोत्रिय और ईशान चौधरी की जोड़ी का सामना दूसरी वरीयता प्राप्त लक्षित रेवाड़ और शौर्य तंवर की जोड़ी से हुआ। तीन सेट तक चले मुकाबले में अक्षराज और ईशान ने दूसरा सेट 16-14 से जीतकर वापसी की, लेकिन निर्णायक सेट में 7-15 से हार गए। विपक्षी जोड़ी ने 15-8, 14-16, 15-7 से मुकाबला जीतकर फाइनल में जगह बनाई।

अक्षराज के दो कांस्य पदक जीतने पर जिला बैडमिंटन संघ के रितेश श्रोत्रिय, दारा सिंह, हीरालाल, विनीत शर्मा और राजेश भदादा ने खुशी जताते हुए दोनों खिलाड़ियों को बधाई दी। रितेश श्रोत्रिय ने कहा कि खिलाड़ियों ने मेहनत और खेल कौशल से जिले का नाम रोशन किया है।

आजाद नगर में शरद पूर्णिमा खीर प्रसाद महोत्सव हर्षोल्लास के साथ संपन्न

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।



आजाद नगर स्थित सुवालका ट्रस्ट भवन में सवाई भोज राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की सांवरिया प्रौढ़ शाखा की ओर से शरद पूर्णिमा के पावन अवसर पर सोमवार को खीर प्रसाद महोत्सव हर्षोल्लास के साथ आयोजित किया गया 81 किलोग्राम दूध से तैयार खीर प्रसाद का 200 से अधिक महिला-पुरुषों, बच्चों एवं परिवारजनों ने आनंदपूर्वक ग्रहण किया कार्यक्रम में भगवान जी भाई साहब, विभाग कार्यवाह के उद्बोधन में समाज जो समरसता के साथ जोड़ने पर विचार प्रस्तुत किये तथा गणेश जी भाई साहब, सवाई भोज नगर संचालक की उपस्थिति में आयोजन की गतिविधियां संपन्न हुईं जिसमें बस्तीवासियों ने परिवार सहित उत्साहपूर्वक भाग लेकर कार्यक्रम को आनंदमय बनाया कार्यक्रम का शुभारंभ संघ की रीति-नीति के अनुसार हुआ इसके पश्चात खेलकूद प्रतियोगिताओं,जैसे अंत्याक्षरी, वाद-विवाद,सामान्य ज्ञान एवं सामूहिक गायन जैसी मनोरंजक और ज्ञानवर्धक गतिविधियां आयोजित की गई खेलकूद प्रतियोगिताओं का संचालन गोपाल जी, शिरीष जी एवं कैलाश जी भाई साहब ने करवाया इस दौरान मणि की खोज एवं मत चूके चौहान जैसे रोचक खेलों सहित अन्य गतिविधियों में बस्ती वासियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया इन तरह को गतिविधियों से आपसी मेल-मिलाप एवं सहभागिता को बढ़ावा मिला और यहां उपस्थित लोगों ने विभिन्न गतिविधियों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और पूरे आयोजन के दौरान उत्साहपूर्ण वातावरण बना रहा।

छात्राओं को कानूनी अधिकारों की जानकारी दी

विधिक जागरूकता शिविर में सुरक्षा और विधिक सहायता के प्रति किया जागरूक

भीलवाड़ा फोकस @ बिजौलिया।



तालुका विधिक सेवा समिति की ओर से मंगलवार को राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय में विधिक साक्षरता शिविर आयोजित किया गया। शिविर में छात्राओं को व्यक्तिगत सुरक्षा, शिक्षा के अधिकार और कानूनी संरक्षण की जानकारी देकर अपने अधिकारों के प्रति जागरूक किया गया।

शिविर का आयोजन सिविल न्यायाधीश एवं विधिक सेवा प्राधिकरण की अध्यक्ष रूपल अग्रवाल के निर्देशानुसार किया गया। पैनल अधिवक्ता सुनील जोशी ने 'सुरक्षित स्थान, जहां सपनों को पंख मिलते हैं' विषय पर छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि प्रत्येक बालिका को सुरक्षित वातावरण में शिक्षा प्राप्त करने का अधिकार है। उन्होंने किसी भी असुरक्षित परिस्थिति में उचित सहायता लेने तथा आवश्यकता पड़ने पर निःशुल्क विधिक सहायता प्राप्त करने की जानकारी दी।

कार्यक्रम में पीएलवी सुनीता नायक, गोपाल लाल पाराशर, प्रधानाचार्य रसिला धाकड़ सहित मंजू मीणा, माधुरी यादव, ममता जैन, राम प्रसाद धाकड़, आरती कोलीरी, रिंकू मीणा एवं नरेंद्र कुमार शर्मा मौजूद रहे।

करोड़ों फॉलोअर्स वाले पवन साहू की गांव की सियासत में एंट्री

पत्नी कोमल को सरपंच चुनाव लड़ाने का ऐलान, खुद के उतरने की भी चर्चा; 29 को नामांकन, 30 अक्टूबर को मतदान

भीलवाड़ा फोकस @ शाहपुरा



(मूलचन्द पेसवानी)। सोशल मीडिया पर करोड़ों फॉलोअर्स रखने वाले इन्फ्लुएंसर पवन साहू अब अपने पैतृक गांव फुलियाखुर्द की पंचायत राजनीति में सक्रिय हो गए हैं। शाहपुरा तहसील की ग्राम पंचायत में सरपंच चुनाव को लेकर उन्होंने अपनी पत्नी कोमल साहू को मैदान में उतारने की घोषणा की है। हालांकि, पवन साहू के स्वयं चुनाव लड़ने की संभावना को लेकर भी चर्चाएं हैं। प्रत्याशी की स्थिति नामांकन के दौरान स्पष्ट होगी।

सोशल मीडिया पर पवन साहू के फेसबुक पर करीब 40 लाख, इंस्टाग्राम पर 70 लाख और यूट्यूब पर 2.7 करोड़ फॉलोअर्स बताए जाते हैं। उन्होंने अपनी पहल को 'मिशन 2026' नाम देते हुए 'मेरा गांव, मेरी पहचान' का संदेश दिया है। उनका कहना है कि गांव का विकास, प्रत्येक परिवार का सम्मान और जनहित के कार्य उनकी प्राथमिकता हैं।

पवन साहू ने स्वच्छता, सड़क, पेयजल, शिक्षा और युवाओं के भविष्य से जुड़े मुद्दों को प्राथमिकता देने की बात कही है। उनका दावा है कि वे गांव में ग्रामीणों से संवाद कर उनकी समस्याएं सुन रहे हैं और समाधान के प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने ग्रामीणों से सुझाव लेकर सामूहिक रूप से विकास की दिशा तय करने की अपील भी की है।

फुलियाखुर्द में 29 अक्टूबर को नामांकन और 30 अक्टूबर को मतदान निर्धारित है। ऐसे में चुनावी मुकाबले को लेकर गांव में चर्चाएं तेज हो गई हैं। अब नजर इस बात पर है कि कोमल साहू चुनाव मैदान में उतरती हैं या पवन साहू स्वयं प्रत्याशी बनते हैं। उनकी सोशल मीडिया लोकप्रियता के बीच स्थानीय समस्याओं, जनसंपर्क और विकास के मुद्दों पर मतदाताओं का रुख भी महत्वपूर्ण रहेगा।

तीन विद्यालयों में विधिक साक्षरता शिविर आयोजित

बाल अधिकार, घरेलू हिंसा और जनोपयोगी सेवाओं की दी जानकारी

भीलवाड़ा फोकस @ मांडलगढ़।



तालुका विधिक सेवा समिति की ओर से न्यायिक मजिस्ट्रेट एवं अध्यक्ष प्रिया मीणा के निर्देशन में क्षेत्र के तीन विद्यालयों में विधिक साक्षरता शिविर आयोजित कर विद्यार्थियों को कानूनी अधिकारों और संरक्षण संबंधी प्रावधानों की जानकारी दी गई।

राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय बीगोद में बाल श्रम निषेध एवं विनियमन अधिनियम, 1986 पर आयोजित शिविर में पीएलवी कमलेश सुखवाल ने विद्यार्थियों को बाल अधिकारों के प्रति जागरूक किया। प्रधानाचार्य गीता अग्रवाल ने आभार जताया। इस दौरान विद्यालय स्टाफ मौजूद रहा। राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय बीड़ का खेड़ा में घरेलू हिंसा से महिलाओं का संरक्षण अधिनियम, 2005 पर जानकारी दी गई। विद्यालय प्रभारी जतिराम मीणा ने आभार व्यक्त किया। वहीं, राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय मुकनपुरिया में सार्वजनिक उपयोगिता सेवाओं पर शिविर आयोजित हुआ। इसमें पीएलवी ने जल, बिजली, बैंकिंग और सरकारी योजनाओं से जुड़ी सेवाओं की जानकारी दी। प्रधानाचार्य सुनील कुमार मीणा ने आभार जताया। तीनों विद्यालयों में शिक्षक एवं स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे।

पूजा कंवर भाटी बनीं 'मिसेज करवा चौथ क्वीन 2026'

सृष्टि सिंह सियोदिया फर्स्ट और बसंती कुमावत सैकंड रनरअप रहीं, रंगारंग प्रस्तुतियों के बीच हुआ ग्रैंड फिनाले

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।



जिला यूनेस्को एसोसिएशन एवं इंस्पायर्ड जीआर स्टार इंडिया के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित तीन दिवसीय 'मिसेज करवा चौथ क्वीन 2026' प्रतियोगिता का ग्रैंड फिनाले रंगारंग प्रस्तुतियों के साथ संपन्न हुआ। प्रतियोगिता में पूजा कंवर भाटी ने खिताब जीता, जबकि सृष्टि सिंह सियोदिया फर्स्ट रनरअप और बसंती कुमावत सैकंड रनरअप रहीं।

स्टेट फेडरेशन ऑफ यूनेस्को एसोसिएशन इन राजस्थान के प्रदेश संयोजक गोपाल लाल माली ने बताया कि विजेता पूजा कंवर भाटी को ताज पहनाकर सम्मानित किया गया। निर्णायक मंडल में अभिनेत्री प्रतिष्ठा ठाकुर, मिस राजस्थान सलोनी श्रीवास्तव और रंजना बुलिवाल शामिल रहीं। प्रतियोगिता में प्रतिभागियों ने रैंप वॉक के जरिए अपनी प्रतिभा और आकर्षक परिधानों का प्रदर्शन किया।

आयोजन संयोजक साधना मेलाना ने बताया कि मिस राजस्थान जया चौहान के नेतृत्व में करवा चौथ की थीम पर आयोजित समारोह में प्रतिभागियों ने दुल्हन के परिधान और पारंपरिक वेशभूषा के माध्यम से भारतीय संस्कृति की झलक प्रस्तुत की। प्रतियोगिता में हंसा माहेश्वरी, ममता टाक, प्रियंका तोलम्बिया, गीतिका ओझा, प्रिया चौहान, माया वैष्णव, वर्षा सोनी, चांदनी वैष्णव, अदिति बैरवा, रेखा शर्मा, कीर्ति सैनी और पूनम लक्ष्कार ने भाग लिया। सभी प्रतिभागियों को स्मृति चिह्न और शॉल देकर सम्मानित किया गया।

मुख्य समारोह से पहले प्रीति सिंगावत की टीम ने 'केसरिया बालम पधारो म्हारे देश' गीत पर स्वागत प्रस्तुति दी। कार्यक्रम का संचालन चैल्सी दक ने किया।

इस अवसर पर जिला यूनेस्को एसोसिएशन अध्यक्ष ललित अग्रवाल, कार्यकारी अध्यक्ष दिनेश जैन, सचिव जगदीश चंद्र मूंदड़ा, पूर्व सभापति मधु जाजू, जवाहर फाउंडेशन प्रभारी रजनीश वर्मा, सह संयोजक मधु लोढ़ा, उषा अग्रवाल, कमलेश जाजू, विशाल विजयवर्गीय, रामचंद्र मूंदड़ा, मनीष चौहान, भावना मेहता, गणेश सैनी, हर्ष गर्ग, दिशा माली, रागिनी भाटी और सत्यनारायण माली सहित कई पदाधिकारी एवं सदस्य मौजूद रहे।

बिना अनुमति संचालित उद्योगों को बड़ी राहत, 31 दिसंबर तक छूट

भीलवाड़ा फोकस @ चित्तौड़गढ़।

राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मंडल ने बिना वैध सम्मति के संचालित हो रहे उद्योगों, प्रक्रियाओं एवं परियोजनाओं को नियमानुसार वैध श्रेणी में लाने का अवसर प्रदान करने के लिए विशेष छूट योजना लागू की है। मंडल के सदस्य सचिव कपिल चंद्रवाल द्वारा जारी आदेश के अनुसार, योजना के तहत पात्र औद्योगिक इकाइयों को पिछले वर्षों का बकाया सम्मति शुल्क जमा कराने से छूट मिलेगी। यह योजना 31 दिसंबर 2026 तक प्रभावी रहेगी।

क्षेत्रीय अधिकारी आशीष कुमार बौरासी ने बताया कि यह योजना उन उद्योगों के लिए लागू होगी, जो बिना वैध सम्मति के संचालित हो रहे हैं और पहली बार मंडल से सम्मति प्राप्त करने के लिए आवेदन कर रहे हैं। इस निर्णय से चित्तौड़गढ़ एवं प्रतापगढ़ सहित प्रदेशभर के औद्योगिक क्षेत्रों में संचालित पात्र इकाइयों को राहत मिलेगी तथा उन्हें पर्यावरणीय नियमों के अनुरूप संचालन सुनिश्चित करने का अवसर प्राप्त होगा।

नियमों के अनुपालन का मिलेगा अवसर

इस योजना से बिना वैध सम्मति के संचालित हो रही पात्र औद्योगिक इकाइयों को निर्धारित प्रक्रिया के तहत आवश्यक सम्मति प्राप्त कर नियमों के अनुरूप संचालन करने का अवसर मिलेगा।

QUICK BITES

स्पर्श फाउंडेशन के करवाचौथ उत्सव में करवा क्वीन भावना बुनकर व डोली जैन संयुक्त विजेता रही

सौभाग्य की मुस्कान प्रोजेक्ट के तहत जरूरतमंद महिला की मदद का संकल्प

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।



स्पर्श फाउंडेशन की ओर से करवाचौथ उत्सव का आयोजन उत्साह एवं पारंपरिक संस्कृति के साथ किया गया। कार्यक्रम में महिलाओं ने मनोरंजक गतिविधियों, प्रतियोगिताओं एवं सामूहिक रात्रिभोज का आनंद लिया। करवाचौथ क्वीन प्रतियोगिता आकर्षण का केंद्र रही। फाउंडेशन संस्थापक शेफाली गोयल ने बताया कि आयोजन का उद्देश्य भारतीय संस्कृति एवं परंपराओं को बढ़ावा देने के साथ महिलाओं को आपसी मेलजोल और प्रतिभा प्रदर्शन का अवसर प्रदान करना था। निर्णायक रवीना सोनी एवं वंदना सोनी ने परिणाम घोषित किए। करवा क्वीन प्रतियोगिता में भावना बुनकर व डोली जैन संयुक्त विजेता रहीं, जबकि गरिमा अग्रवाल उपविजेता रहीं। पूजा थाली सजाओ प्रतियोगिता में सीमा गोयल प्रथम तथा गरिमा अग्रवाल द्वितीय स्थान पर रहीं।

कार्यक्रम के दौरान 'सौभाग्य की मुस्कान' प्रोजेक्ट के तहत महिलाओं ने जरूरतमंद महिला को उसकी आवश्यकतानुसार सामग्री भेंट करने का संकल्प लिया। इस पहल के माध्यम से जरूरतमंद महिलाओं के जीवन में खुशियां लाने और समाज में सेवा एवं सहयोग की भावना बढ़ाने का संदेश दिया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में संस्थापक शेफाली गोयल, निराली मोदी एवं शिल्प भरतिया का विशेष योगदान रहा। इस अवसर पर अंजु अग्रवाल, सीमा जोशी, विशु, नीतू, सपना, महिमा, ऋतू, स्वाति, प्रिया, श्वेता एवं समीक्षा सहित अन्य महिलाएं उपस्थित रहीं।


अंडर -17 भीलवाड़ा यूथ प्रीमियर लीग 29 अक्टूबर से प्रारंभ

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।

यंग क्रिकेट क्लब वह भीलवाड़ा क्रिकेट अकादमी के संयुक्त तत्वाधान में दिनांक 29 अक्टूबर गुरुवार से प्रथम अंडर- 17 भीलवाड़ा यूथ प्रीमियर लीग का आयोजन न्यू लुक सेंट्रल स्कूल ग्राउंड पर किया जायेगा! आयोजन सचिव किशोर केवल रमानी ने बताया कि प्रतियोगिता का उद्घाटन प्रातः 11.15 बजे होगा समारोह के मुख्य अतिथि श्रीमती जसवंत कंवर महापौर नगर निगम भीलवाड़ा होगी, समारोह के अध्यक्ष रामपाल शर्मा -सचिव जिला क्रिकेट संघ, विशिष्ट अतिथि- राधेश्याम सोमानी उप महापौर नगर निगम, महेंद्र पारख- डायरेक्टर न्यू लुक सेंट्रल स्कूल, महेंद्र नाहर - अध्यक्ष जिला क्रिकेट संघ,नरेंद्र ओझा -कोषाध्यक्ष जिला क्रिकेट संघ व नीरज छिपा -पार्षद होंगे! प्रतियोगिता में 6 टीमें में भाग ले रही है विजेता टीम को 31 हजार रूपये का नगद पुरस्कार वह उपविजेता टीम को 21 हजार रूपये का नगद पुरस्कार दिया जाएगा!

जिंदगी को अच्छा बनाना है तो पुण्य छुपा कर ओर पाप दिखा कर करो - आचार्य पुलकसागर महाराज

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।



हमे अच्छा दिखने की नहीं अच्छा बनने की जरूरत है जबकि संसार में अच्छा बनने वालों की बजाय खुद को अच्छे दिखाने वालों की भीड़ है। हमारा सारा जीवन अच्छा दिखने में ही बीत जाता है। अच्छा दिखना बाहर का ओर अच्छा बनना भीतर का बदलाव होता है। आत्मा के कल्याण के लिए वितरागी व धर्मात्मा दिखने की नहीं बनने की जरूरत है। ये विचार श्री पार्श्वनाथ दिगम्बर जैन मंदिर ट्रस्ट, मैन सेक्टर शास्त्रीनगर के तत्वावधान में सकल दिगम्बर जैन समाज की ओर से भीलवाड़ा में पहली बार चातुर्मास कर रहे राष्ट्र संत मनोज्ञाचार्य पुलकसागरजी महाराज ने शास्त्रीनगर स्थित सूर्यमहल में सोमवार को अंतिम चातुर्मासिक प्रवचन श्रृंखला ''जीवन जीने की कला'' पर मंगल दिव्य देशना के छठे दिन व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि हम पाप छिपा कर ओर पुण्य छपा कर करते है जबकि जिंदगी को अच्छा बनाना है तो पुण्य छुपा कर ओर पाप दिखा कर करो। पाप को जितना दिखाएंगे उतना जल्दी उससे पीछा छूटेगा। श्री पुलकसागर चातुर्मास समिति के अध्यक्ष प्रवीण चौधरी ने बताया कि प्रवचन के शुरू में पाद प्रक्षालन एवं शास्त्र भेंट का सौभाग्य श्री पुलकसागर चातुर्मास समिति ने प्राप्त किया। संचालन चातुर्मास समिति के महामंत्री जयकुमार पाटनी ने किया। चातुर्मास समिति के संयोजक मनीष शाह एवं सह संयोजक लोकेश अजमेरा ने बताया कि 30 अक्टूबर तक प्रतिदिन सुबह 8.45 से 10 बजे तक आचार्यश्री के मुखारबिंद से दिव्य देशना प्राप्त होगी। इस दौरान प्रतिदिन शाम 6.30 से 7.30 बजे तक आनंद यात्रा (प्रश्न मंच) का आयोजन हो रहा है जिसमें भी शहर के विभिन्न क्षेत्रों से श्रद्धालु शामिल होकर लाभ प्राप्त कर रहे है।

स्वत्वाधिकारी एवं प्रकाशक कपिल विजयवर्गीय के लिए मुद्रक वेदान्त प्रभाकर मेधा कप्यूटर्स एण्ड ऑफसेट प्रिन्टर्स नंदभवन, बड़े पार्क के पास, कांवाखेड़ा भीलवाड़ा (राज.)से मुद्रित व मकान न. - 1 ए - धानमंडी योजना, कोर्ट केसामने बिजौलिया, भीलवाड़ा (राज.) से प्रकाशित। संपादक - श्याम सुन्दर विजयवर्गीय । मो. 8696795959, RNI No. : RJHIN/25/40890 किसी भी प्रकार के वाद विवाद का न्याय क्षेत्र बिजौलिया जिला - भीलवाड़ा ही रहेगा।